एक नजर

71 से ज्यादा मकानों पर बेदखली का संकट

आज सुबह 5 बजे से कार्रवाई की तैयारी; रहवासियों ने मांगा और समय

इंदौर (नप्र)। इंदौर के एमआर-10 के पास ग्राम खजराना की कृ ाबाग कॉलोनी में हाईकोर्ट के आदेश के बाद 71 से अधिक मकानों पर बेदखली और अतिक्रम ा हटाने की कार्रवाई का संकट बना हुआ है।

सोमवार को जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी कॉलोनी पहुंचे। उन्होंने रहवासियों को बताया कि हाईकोर्ट से मिली 20 दिन की मोहलत खत्म हो चुकी है। रहवासियों ने कार्रवाई के लिए और समय मांगा, लेकिन अधिकारियों ने इससे इनकार कर दिया। अब मंगलवार सुबह 5 बजे कॉलोनी में प्रशासन और नगर निगम की टीम कार्रवाई शुरू कर सकती है।

मामला ग्राम खजराना के सर्वे नंबर 66/2 (क) पर स्थित कृ ाबाग कॉलोनी की जमीन के स्वामित्व और कब्जे के विवाद से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने श्रीराम बिल्डर के पक्ष में फैसला सुनाते हुए प्रशासन को जमीन खाली कराने के आदेश दिए थे। याचिकाकर्ताओं की याचिकाएं खारिज करते हुए कोर्ट ने निर्देश दिया था कि आदेश की प्रमा ित प्रति मिलने के 30 दिन के भीतर अतिक्रम ा हटाकर जमीन का कब्जा श्रीराम बिल्डर को सौंपा जाए।

इसी आदेश के तहत रहवासियों को 16 नवंबर तक की समय-सीमा दी गई थी। सोमवार को प्रशासन की टीम एक बार फिर कॉलोनी पहुंची और रहवासियों को मंगलवार सुबह तक मकान खाली करने के लिए कहा। इस दौरान रहवासियों ने नाराजगी जताई और अधिकारियों से अतिरिक्त समय देने की मांग की। अधिकारियों ने उन्हें समझाया, लेकिन मोहलत बढ़ाने से इनकार कर दिया।

शाम को दो प्रमुख रास्तों पर लगा जाम

खजराना से रेडिसन चौराहा और राजबाड़ा से गांधी हॉल तक वाहन रेंगते रहे



इंदौर, (नप्र)। सोमवार शाम व्यस्त समय के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रिंग रोड पर खजराना चौराहे से रेडिसन चौराहे के बीच करीब एक किमी तक वाहन फंसे रहे। वहीं, राजबाड़ा से गांधी हॉल और कृष्णपुरा छत्री से नंदलालपुरा चौराहे तक भी जाम की स्थिति बनी।

खजराना चौराहे से रेडिसन चौराहे के बीच रिंग रोड पर दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी रहीं। वाहन चालकों को आगे बढ़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक जाम में फंसे रहे।

इसी तरह मृगनयनी चौराहे के पास वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने से राजबाड़ा क्षेत्र में भी यातायात का दबाव बढ़ गया। इसके चलते राजबाड़ा से गांधी हॉल तक वाहन फंसे रहे। कृष्णपुरा छत्री से नंदलालपुरा चौराहे तक करीब आधा किमी के दायरे में भी जाम लगा। यहां वाहन चालकों को 10 से 15 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। हालांकि, बाद में यातायात सामान्य हो गया।

इसलिए बढ़ी परेशानी- दोनों प्रमुख मार्गों पर जाम के बीच वाहन चालकों को यातायात पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था नजर नहीं आई। चौराहों और व्यस्त मार्गों पर यातायात नियंत्रित करने के लिए पुलिसकर्मी मौजूद नहीं होने से वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार आगे निकलने की कोशिश करते रहे। इससे स्थिति और उलझती गई। शाम के व्यस्त समय में लगे जाम के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई।

स्नूकर-बिलियड्र्स अकादमी के लिए जमीन देगी सरकार-मुख्यमंत्री

सीएम मोहन यादव ने की घोष ाा- एमपी में कहीं भी अकादमी बनाना चाहें, सरकार इसके लिए तैयार



इंदौर (नप्र)। एमपी में बिलियड्र्स और स्नूकर को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार अकादमी स्थापित करने के लिए जमीन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को इंदौर के यशवंत क्लब में आयोजित व्हरऋ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अकादमी के लिए इंदौर या प्रदेश में जहां भी जगह की जरूरत होगी, सरकार जमीन उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने शॉट लगाकर चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन भी किया।

इंदौर के यशवंत क्लब में 12 से 21 नवंबर तक आयोजित इस चैंपियनशिप में 32 देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सोमवार को क्वालिफाइंग मुकाबलों का आखिरी दिन रहा। मुख्य दौर में जगह बनाने के लिए देश-विदेश के खिलाड़ियों ने अंतिम जोर लगाया। मुख्य दौर के मुकाबले 17 नवंबर से शुरू होंगे। क्वालिफाइंग मुकाबलों के शुरूआती दो चरणों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। दूसरे चरण में रयान राजमी, उजैर खान, पारस गुप्ता, ध्वज हरिया और ध्रुव पटेल ने जीत दर्ज कर मुख्य दौर में जगह बनाई।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकर ाों में लापरवाही बरतने पर सेक्शन प्रभारी को किया निलंबित

इंदौर (नप्र)। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा के पत्रों के निराकर ा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों में लंबित समय सीमा पत्रों तथा जन समस्याओं के निराकर ा की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों में लंबित समय-सीमा के पत्रों का निराकर ा प्राथमिकता के साथ करें तथा आवेदकों संतुष्टिपू ा समाधान उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकर ाों का समाधान ?निर्धारित समय सीमा में गु ावत्तापू ा तरीके से सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्या ाकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को मिले। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में चल रहे छात्रावासों और कोचिंग संस्थानों के सुरक्षा प्रबंध को सुनिश्चित करने के लिये सतत अभियान चलाया जाये। सीएम हेल्पलाइन प्रकर ाों के गु ावत्तापू ा निराकर ा में लापरवाही पाये जाने पर कलेक्टर श्री वर्मा ने हातोद तहसील के बीएमओ के 5 दिन के वेतन कटौती के साथ ही छात्रवृत्ति के प्रकर ा में समय पर भुगतान नहीं करने पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के प्रोफेसर के 5 दिन के वेतन कटौती के भी निर्देश दिये। कलेक्टर श्री वर्मा ने आदिम जाति कल्या ा विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकर ाों निराकर ा में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतना पाये जाने पर विभाग के सेक्शन प्रभारी को निलंबित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री रिकेश वैश्य, अपर आयुक्त नगर निगम श्री श्रृंगार श्रीवास्तव, श्री आकाश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में चल रहे विभिन्न निजी छात्रावासों और कोचिंग संस्थानों में पुख्ता सुरक्षा प्रबंध को सुनिश्चित करने के लिये सतत अभियान चलाया जाये और उसकी मॉनिटरिंग की जाये। सभी छात्रावासों और कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी, बेसमेंट में पार्किंग, एक्जिट गेट आदि प्रबंध सुनिश्चित किये जाये। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं पाये वहां संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

दिलजीत के कॉन्सर्ट में मोबाइल चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

3 आईफोन समेत 6 मोबाइल बरामद, दूसरे राज्यों में भी करते थे वारदात



इंदौर, (नप्र)। सी-21 एस्टेट ग्राउंड में आयोजित गायक दिलजीत दोसांझ के लाइव कॉन्सर्ट में मोबाइल चोरी करने वाले दो अंतरराज्यीय बदमाशों को खजराना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें 3 आईफोन और 3 सैमसंग मोबाइल शामिल हैं।

क्राइम ब्रांच को सोमवार रात करीब 10 बजे कॉन्सर्ट में मोबाइल चोरी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान नाजिम खान (52), निवासी पुरानी दिल्ली और सुरेंद्र (37), निवासी लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई।

पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी गोल्ड और सिल्वर पास के जरिए कॉन्सर्ट में दाखिल हुए थे। उन्होंने भीड़ का फायदा उठाकर लोगों के मोबाइल चोरी किए। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से कई अपराध दर्ज हैं।

युवक का शव घर में मिला

इंदौर, (नप्र)। पलासिया थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक युवक का शव उसके घर में अचेत अवस्था में मिला। आसपास के लोगों ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शौर्य पिता पंकज माली के रूप में हुई है। वह मनोरमागंज स्थित देवी अपार्टमेंट के पास रहता था और एक विदेशी कंपनी के लिए ऑनलाइन काम करता था। पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर शौर्य की मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

भाईदूज मनाने आए आर्मी से रिटायर्ड फौजी की मौत

इंदौर, (नप्र)। महाराष्ट्र से अपनी बहन के यहां भाईदूज मनाने आए एक भाई की रविवार रात 10 बजे मौत हो गई। बताया जाता है कि एक दिन पहले वह इंदौर आए थे। रात में वह कुर्सी पर बैठे थे। तभी अचानक गिर पड़े। पुलिस के मुताबिक संभवतः हार्ट अटैक के चलते उनकी जान गई है।

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक 62 साल के रतनलाल पुत्र बंटूलाल निवासी अहमदनगर महाराष्ट्र को उनका भांजा व अन्य लोग रविवार रात एमवाय लेकर पहुंचे थे। रतनलाल मरोद इलाके में अपनी बहन के यहां पर भाईदूज मनाने आए थे। रात में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। रतनलाल का एक बेटा और एक बेटी है। बेटा महू में निवास करता है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

मानसिक कमजोर युवक ने किया सुसाइड- द्वारकापुरी में रहने वाले मानसिक रूप से कमजोर युवक ने अपने घर में रविवार को फांसी लगा ली। उसने पहले मुंह पर पन्नी पहनी ओर फिर कमर मे तेल की बोतल लटकाई। इसके बाद वह फंदे पर झूल गया। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक मृतक अंकल गली निवासी 34 वर्षीय शक्तिराज पुत्र अशोक कुमार है। उसकी बचपन से ही मानसिक हालत ठीक नहीं थी। रविवार को परिवार भाई दूज के चलते सुखलिया गया हुआ था। शाम को वापस आया तो शक्ति राज कमरे मे पड़ा मिला। पुलिस ने मृग कायम कर मामला जांच मे लिया है।

रात की ठंड से मिली थोड़ी राहत, दो डिग्री उछला न्यूनतम तापमान

इंदौर (नप्र)। शहर में पिछले कुछ दिनों से रात के समय पड़ रही ठंड से अब थोड़ी राहत मिली है। लगातार तीन-चार दिनों तक न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था, लेकिन अब इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटों में रात का तापमान दो डिग्री उछलकर 13.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, इसके बावजूद न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से दो डिग्री कम बना हुआ है।

रात के तापमान में बढ़ोतरी के बावजूद सुबह और देर रात ठंडक का अहसास बना हुआ है। वहीं दिन में तेज धूप के कार ा गर्मी महसूस हो रही है।

सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक रहा। इस तरह दिन और रात के तापमान में करीब 18 डिग्री का अंतर बना हुआ है।

महिला ने लगाई फांसी :रात में पति की नींद खुली तो फंदे पर लटकी मिली

इंदौर, (नप्र)। बाणगंगा इलाके में रविवार देर रात एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद दोनों अलग-अलग सो गए।

रात करीब 2 बजे पति की नींद खुली तो पत्नी फंदे पर लटकी मिली। उसने मायके पक्ष के लोगों को फोन कर सूचना दी। परिजन महिला को रात करीब 3 बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक नंदबाग निवासी किरण (30) पति रामनारायण केवट ने घर में फांसी लगा ली थी। किरण के भाई ने बताया कि रात में किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद रामनारायण और दोनों बच्चे पलंग पर सो गए, जबकि किरण जमीन पर सो गई थी। रात करीब 2 बजे रामनारायण की नींद खुली तो उन्होंने किरण को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद उन्होंने मायके पक्ष को फोन कर जानकारी दी।

रामनारायण लोडिंग वाहन चलाते हैं। परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। परिवार मूल रूप से विदिशा का रहने वाला है। परिवार के अन्य सदस्य भी इसी इलाके में अलग-अलग घरों में रहते हैं। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

यहां युवक ने भी दी जान- दूसरी घटना लसूड़िया इलाके की स्कीम नंबर 78 की है। यहां रहने वाले मि?थिलेश (37) पुत्र नंदकिशोर यादव को परिजन सोमवार अलसुबह एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मिथिलेश ने घर में फांसी लगा ली थी।

महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी हिरासत में

इंदौर, (नप्र)। बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि योगेश नाथ ने खुद को कुंवारा बताकर महिला और उसके बच्चों को अपनाने का भरोसा दिलाया और उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

करीब एक महीने पहले आरोपी ने अचानक बातचीत बंद कर दी। महिला उसे तलाशते हुए देवास पहुंची तो पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है। पीड़िता की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने रविवार देर रात एफआईआर दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली महिला ने योगेश नाथ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि करीब चार साल पहले उसके पति की तबीयत खराब थी। काम के सिलसिले में उसका एक साड़ी की दुकान पर आना-जाना था। इसी दौरान योगेश से उसकी पहचान हुई। जान-पहचान बढ़ने पर योगेश उसके बीमार पति को देखने घर भी आने लगा। उसने खुद को कुंवारा बताते हुए शादी करने और महिला के बच्चों की जिम्मेदारी उठाने का भरोसा दिलाया। पीड़िता का आरोप है कि शादी का झांसा देकर उसने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता के मुताबिक, करीब एक महीने पहले योगेश ने अचानक उससे बातचीत बंद कर दी और संपर्क तोड़ लिया। परेशान होकर महिला उसे तलाशते हुए देवास स्थित उसके घर पहुंची। वहां योगेश के पिता और भाई ने बताया कि वह पहले से शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है। आरोप है कि परिवार के लोगों ने महिला को वहां से भगा दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

म्यूल अकाउंट से संदिग्ध लेनदेन, युवक गिरफ्तार

इंदौर, (नप्र)। क्राइम ब्रांच ने म्यूल अकाउंट के जरिए संदिग्ध लेन देन के मामले में सोमवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गौरव तिवारी निवासी मां शारदा नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी और संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। जांच में सामने आया कि गौरव तिवारी का बैंक ऑफ इंडिया में खाता है, जिसका इस्तेमाल म्यूल अकाउंट के रूप में किया जा रहा था। इस खाते के जरिए गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में बड़ी मात्रा में संदिग्ध लेनदेन किया गया। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बैंक खाता किसके कहने पर खुलवाया गया था और क्या आरोपी ने इसे किसी अन्य व्यक्ति को इस्तेमाल करने के लिए दिया या बेचा था। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस अंतरराज्यीय गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

जमीन के नाम पर दूध व्यापारी से ठगी

12 साल पुरानी पहचान का उठाया फायदा, हड़पे रुपए

इंदौर, (नप्र)। जमीन दिलाने के नाम पर दूध व्यापारी से 3 करोड़ 16 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने 12 साल पुरानी पहचान का फायदा उठाकर कम कीमत में भूखंड दिलाने का झांसा दिया। नकद और ऑनलाइन माध्यमों से रकम लेने के बाद न जमीन का कब्जा दिया और न ही रजिस्ट्री कराई।

जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने रविवार रात 4 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के मुताबिक, फरियादी सतीश गुर्जर निवासी रूपराम नगर (जूनी इंदौर) दूध का व्यवसाय करते हैं। उनकी दुकान पर करीब 12 साल से संजय दूध लेने आता था। पुरानी पहचान के चलते संजय ने सतीश की मुलाकात अपने साथी हरगुन आहूजा और संतोष सचदेवा से कराई।

आरोप है कि साल 2022 में आरोपियों ने खुद को यंग एंड ग्रो कंपनी का प्रोपराइटर बताते हुए सतीश को कम कीमत पर 5 भूखंड दिलाने का झांसा दिया। इनका सौदा करीब 60 लाख रुपए में तय हुआ। इसके लिए सतीश ने नकद, यूपीआई और अन्य माध्यमों से रुपए दिए, लेकिन आरोपियों ने भूखंडों की रजिस्ट्री नहीं कराई। रजिस्ट्री टालने के बाद आरोपियों ने सतीश को महू के ग्राम सोनवाय स्थित रीगेन रीजेंसी में जमीन दिलाने का प्रस्ताव दिया। इस सौदे में सतीश ने अपने साथी मुकेश को भी शामिल कर लिया। आरोपियों ने दोनों की मुलाकात परेश छेड़ा से कराई और 37 हजार से अधिक वर्गफीट जमीन का सौदा तय कराया।

17 जून को 1 हजार रुपए के स्टाम्प पेपर पर जमीन का सौदा 5 करोड़ 63 लाख 17 हजार रुपए में तय हुआ। शुरूआत में 1 करोड़ 6 लाख रुपए नकद लिए गए। इसके बाद कॉलोनी के विकास, सरकारी अनुमतियों और न्यायालयीन व्यवस्थाओं का हवाला देकर अलग-अलग बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से 91 लाख रुपए और लिए गए। आरोपियों ने अलग-अलग कुल 3 करोड़ 16 लाख 50 हजार रुपए ले लिए।

मौके पर पहुंचे तो दूसरे की निकली जमीन

पूरी रकम देने के बाद सतीश ने आरोपियों पर रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया, लेकिन वे टालमटोल करने लगे। संदेह होने पर सतीश अपने साथी मुकेश के साथ रीगेन रीजेंसी पहुंचे। वहां उन्हें कृषि डेवलपर्स का बोर्ड लगा मिला और निर्माण कार्य चलता दिखाई दिया। पड़ताल करने पर पता चला कि जिस जमीन का सौदा आरोपियों ने किया था, वह रितेश बंसल की है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी परेश छेड़ा की पहचान से जुड़े आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज अलग-अलग और फर्जी थे।

कोर्ट के नोटिस के बाद केस दर्ज

ठगी का अहसास होने पर सतीश ने कोर्ट के माध्यम से आरोपियों को नोटिस भिजवाए और क्राइम ब्रांच में शिकायत की। दस्तावेजों की जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने रविवार रात संजय कर्दम, हरगुन आहूजा, संतोष सचदेवा और परेश छेड़ा के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

ALPA LABORATORIES LIMITED

CIN: L85195MP1988PLC004446

33/2, A.B Road, Pigdamber, Rau, Indore -453446. Tel. No. 0731-4294567, Fax No. 0731-4294444, Website : www.alpalabs.in, Email Id: cs@alpalabs.in

Extracts of Financial Results for the Quarter and Half year ended 30.09.2026

S. No.	Particulars	Standalone (Rs.In Lacs except EPS) unless otherwise stated					Consolidated Result (Rs.In Lacs except EPS) unless otherwise stated				
		Quarter Ended			Half Year Ended		Quarter Ended			Half Year Ended	
		30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.06.2026	30.09.2025	30.09.2026	30.09.2025
		Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)	Unaudited (Rs.In Lacs)
1	Total Income from Operations (Net)	3,220.22	2,975.98	2,931.82	6,196.20	6038.67	3221.09	2969.85	2931.72	6190.94	6037.26
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items)	(187.01)	103.84	10.12	(83.17)	1187.71	(184.54)	97.24	11.25	(87.30)	1188.03
3	Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after exceptional and/or Extraordinary Items)	(187.01)	103.84	10.12	(83.17)	1187.71	(184.54)	97.24	11.25	(87.30)	1188.03
4	Net Profit for the period after tax (after exceptional and extraordinary items)	(187.01)	103.84	10.12	(83.17)	1187.71	(184.54)	97.24	11.25	(87.30)	1188.03
5	Total Comprehensive Income for the period	(181.00)	109.77	10.12	(71.23)	1187.71	(178.53)	103.17	11.25	(75.36)	1188.03
6	Equity Share Capital	2104.06	2104.06	2104.06	2104.06	2104.06	2104.06	2104.06	2104.06	2104.06	2104.06
7	Reserves (Excluding Revaluation reserves as per Balance Sheet) as shown in the Audited Balance Sheet of Previous Year	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
8	Earning per share before and after extra ordinary items (Face Value of Rs.10 Each) BASIC EPS	(0.89)	0.49	0.05	0.40	5.64	(0.85)	0.49	0.05	(0.36)	5.65
9	Earning per share before and after extra ordinary items (Face Value of Rs.10 Each) DILUTED EPS	(0.89)	0.49	0.05	0.40	5.64	(0.85)	0.49	0.05	(0.36)	5.65

Notes : a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full Format of the Quarterly and Half year ended Financial Results are available on the Stock Exchange Websites WWW.BSEINDIA.COM AND WWW.NSEINDIA.COM, The same may also be accessed on WWW.ALPALABS.IN

b) Some of the figures have been regrouped/reclassified as per the IND AS Applicability.

Place : Indore, Pigdamber
Date: 14th November, 2026

For Alpa Laboratories Limited
Paresh Chawla
Managing Director